# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

## Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

Telephone 07782-229037,229215 Fax 07782-229037 Website: www.bvvjdp.ac.in, www.bvvjdpexam.in


क्रमांक/1343/परीक्षा/गोपनीय/2022 जगदलपुर, दिनांक 27/09/2022

## पूरक परीक्षा 2022
## (समय सारिणी)

| क्रमांक | परीक्षा का नाम | उत्तरपुस्तिका/प्रश्नपत्र प्राप्त करने की तिथि | उत्तरपुस्तिकाओं को जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | **परीक्षा समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक**<br>बी.ए. भाग– 01,02,03 | **12/10/2022** | **14/10/2022** |
| 2 | **परीक्षा समय अपरान्ह 02.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक**<br>बी.एस.सी./बी.कॉम. भाग– 01,02,03<br>बी.एस.सी.(होम साईन्स) भाग–02<br>बी.सी.ए. भाग–01,02 | **12/10/2022** | **14/10/2022** |

## परीक्षार्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश

1. परीक्षा अवधि में यदि राज्य/स्थानीय प्रशासन द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। तो भी परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोजित होगी।
2. परीक्षार्थी का परीक्षा में प्रवेश सभी निर्धारित शर्ते पूर्ण करने के अधीन है।
3. परीक्षार्थी सर्वप्रथम परीक्षा प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.bvvjdpexam.in में जाकर Download- Admit Card- User Id & Password के माध्यम से प्रवेश पत्र Download करेगें।
4. परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में उल्लेखित विषय/प्रश्नपत्रों इत्यादि का परीक्षण कर लेवें। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय को अतिशीघ्र अवगत करावें। परीक्षार्थियों को महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में प्रवेश–पत्र लाना अनिवार्य है, अन्यथा प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिका का बुकलेट प्रदान नहीं किया जावेगा।
5. प्रश्न पत्र एवं उत्तरपुस्तिका बुकलेट के साथ उपस्थिति पत्रक भी महाविद्यालय द्वारा प्रदान किया जायेगा। उपस्थिति पत्रक के समस्त विवरण परीक्षार्थी को अनिवार्यतः परिपूरित कर जमा करना होगा।
6. विश्वविद्यालय द्वारा जारी समय सारणी अनुसार परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका/प्रश्नपत्र महाविद्यालय के निर्देशानुसार प्राप्त करेंगे।
7. परीक्षार्थी महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से प्रश्न पत्र एवं उत्तरपुस्तिका विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार प्राप्त/जमा करेगें।
8. कोविड–19 के कारण लॉकडाउन होने की स्थिति में परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु विश्वविद्यालय के वेबसाईट में प्रश्न–पत्र ऑनलाईन उपलब्ध कराया जायेगा। परीक्षार्थी अपना User Id & Password Login कर प्रश्न पत्र प्राप्त कर सकेंगे।
9. परीक्षार्थियों को महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए एक प्रश्न पत्र एवं एक मुख्य उत्तरपुस्तिका (24 पेज) का एवं एक पूरक उत्तरपुस्तिका (8 पेज) बुकलेट बनाकर सभी प्रश्नपत्रों के लिए बुकलेट एक बड़ा लिफाफा में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार प्रदान किया जायेगा।

10. परीक्षार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए कुल 32 पेज में ही सभी प्रश्नों के उत्तर लिखे। उत्तर लिखने के लिए अतिरिक्त सादे पन्ने नहीं जोड़ सकेगें। प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए कुल 32 पेज के अलग–अलग उत्तरपुस्तिका का उपयोग करेगें।
11. परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ही अपने अनुक्रमांक/नामांकन अंक स्पष्ट अक्षरों में लिखें। परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका में कहीं भी अपना नाम न लिखें, न हस्ताक्षर करें और न ही ऐसा संकेत अंकित करें जिससे उत्तर–पुस्तिका पहचानी जा सके।
12. परीक्षार्थी को स्वंय उत्तरपुस्तिका में उत्तर लिखना होगा। यदि कोई परीक्षार्थी महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र से प्रदाय उत्तरपुस्तिका जमा नहीं करता है अथवा किसी अन्य परीक्षार्थी के उत्तरपुस्तिका की छाया प्रति जमा करता है अथवा किसी अन्य से उत्तरपुस्तिका में उत्तर लिखवाने पर उसके विरूद्व अनुचित साधन प्रकरण (नकल प्रकरण) बनाया जायेगा तथा परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम निरस्त किया जावेगा।
13. **हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि को ही महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों में जमा करें। पोस्ट ऑफिस/कोरियर/विलम्ब से प्राप्त उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन के लिए विचार नहीं किया जावेगा।**
14. महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में उत्तर–पुस्तिका जमा नहीं करने वाले परीक्षार्थियों को अनुपस्थित माना जायेगा।
15. पूरक परीक्षा प्रणाली में विश्वविद्यालय अध्यादेश के अनुसार पुनर्गणना के प्रावधान होगें।
16. विश्वविद्यालय द्वारा प्रश्न पत्र एवं उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने तथा जमा करने के लिए निर्धारित प्रकिया का पालन करना अनिवार्य होगा।
17. नेत्रहीन Physically Handicapped and Dyslexic (दिव्यांग) परीक्षार्थियों को लेखक सुविधा होगी।
18. कोविड–19 के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
19. परीक्षार्थी महाविद्यालयों से सतत सम्पर्क बनाये रखें जिससे विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों से प्रसारित होने वाले सूचनाओं से अवगत रहें तथा विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों के सूचना पटल/वेबसाईट www.bvvjdp.ac.in & www.bvvjdpexam.inका नियमित अवलोकन करते रहें। किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए **हेल्पलाईन नम्बर (07782–229884, 229215)** में सम्पर्क करें।

27/09/2022

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर,
जगदलपुर

पृ.क्रमांक/1344/परीक्षा/गोपनीय/2022 जगदलपुर, दिनांक 27 /09/2022

प्रतिलिपि :–

1. मान. कुलपति जी. शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सूचनार्थ आवश्यक कार्यवाही हतु।
3. पी.आर.ओ. शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ।
4. संबंधित समस्त विभाग, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ।
5. संपादक नवभारत/दैनिक भास्कर/देशबंधु/हरिभूमि/नईदुनिया/हाईवेचैनल/दण्डकारण्य/प्रातः इण्डिया /महाकौशल/हिन्दसत् को इस अनुरोध के साथ कि समय–सारिणी को समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. सूचना पटल में चंस्पा।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर